प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 13.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को करेंगे संबोधित, देश के विकास में महिलाओं की अधिक भागीदारी की प्रतिबद्धता पर जोर।**
2. **रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ आज रांची के कांके और हटिया विधानसभा क्षेत्र में ग्यारह करोड़ रुपए से अधिक की पांच विकास योजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन।**
3. **ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने गोड्डा में चेकडैम निर्माण का किया शिलान्यास, कहा– अब पानी की कमी से नहीं सुखेंगे खेत।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में बढ़ रही है गर्मी, अगले पांच दिनों तक पांच डिग्री सेल्सियस तक चढ़ेगा पारा, 39 दशमलव आठ डिग्री पहुंचा मेदिनीनगर का तापमान।**
5. **रांची में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स में झारखंड के खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन, गोला फेंक में राज रौशन ने जीता स्वर्ण, हाई जंप में अफरोज ने जीता रजत।**

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित यह सम्मेलन देश के विकास में महिलाओं की अधिक भागीदारी की प्रतिबद्धता मजबूत करेगा। एक रिपोर्ट –

****

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर पलामू जिले की महिलाओं में उत्साह है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ आज कांके और हटिया विधानसभा क्षेत्र में ग्यारह करोड़ रुपए से अधिक की पांच विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इनमें रातू में पंचायत भवन का उद्घाटन और सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास, कांके के ईचापीढ़ी में लैंप्स गोदाम निर्माण, ठाकुरगांव में सड़क निर्माण और बुढ़मू के कस्तूरबा विद्यालय में छह कमरों के निर्माण का शिलान्यास शामिल है।

****

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने सिंचाई प्रबंधन पर जोर देते हुए गोड्डा में दो योजनाओं का शिलान्यास किया। श्रीमती सिंह ने जिले के मेहरमा प्रखंड में दुर्गा स्थान पोखर में गार्डवॉल निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। वहीं ठाकुर गंगटी प्रखंड की पंजराडीह पंचायत में कौआ नदी पर एक करोड़ नौ लाख रुपये की चेकडैम निर्माण का शिलान्यास किया।

****

रांची के कांके थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची की हत्या मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में लिया है। घटना के बाद आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने और मामले को सामान्य मौत दिखाने का प्रयास किया, जिसे पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी के आधार पर उजागर किया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सामान सहित वाहन और मोबाइल फोन बरामद कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

****

रांची नगर निगम ने गिफ्ट डीड की भूमि पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई शुरू की है। हाल के अभियान में कर्बला चौक, लालपुर, सर्कुलर रोड और अन्य क्षेत्रों में अवैध दुकानों

और संरचनाओं को हटाया गया। नगर आयुक्त ने चेतावनी दी है कि नियमों के उल्लंघन पर संबंधित भवन स्वामियों और बिल्डर्स को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। निगम ने लोगों से अपील की है कि गिफ्ट डीड की भूमि से अतिक्रमण स्वयं हटाएं, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

****

पूर्वी सिंहभूम में पोषण पखवाड़ा के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के सांसद संजय सेठ ने झारखंड में उत्पाद परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर राज्य सरकार पर सवाल उठाते हुए इसे सिस्टम में व्याप्त भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रमाण बताया है। उन्होंने कहा कि बार–बार परीक्षा तिथि में बदलाव और अब पेपर लीक की घटना युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, वहीं 160 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी से संगठित रैकेट की आशंका जताई है। संजय सेठ ने मामले की सीबीआई जांच कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

****

राजधानी रांची समेत राज्यभर में गर्मी बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक पांच डिग्री सेल्सियस तक पारा चढ़ेगा। पिछले चौबीस घंटे के दौरान राज्यभर में सबसे अधिक मेदिनीनगर का तापमान 39 दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रांची का तापमान दो दशमलव आठ डिग्री बढ़कर 34 दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है।

****

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आयोजित इंडियन एथलेटिक्स सीरीज–4 का समापन हो गया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और झारखंड एथलेटिक्स संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर के 200 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए। पुरुष गोला फेंक में झारखंड के राज रोशन ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हाई जंप में महाराष्ट्र के सर्वेश कुशारे ने स्वर्ण और झारखंड के अफरोज अहमद ने रजद पदक जीता।

****

रांची के डोरंडा कॉलेज में शोतोकान कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बेल्ट ग्रेडेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. आर. के. शर्मा ने शिक्षा के साथ सेल्फ डिफेंस की आवश्यकता पर जोर देते हुए कराटे के महत्व की जानकारी दी। ग्रेडेशन हांशी मानस सिन्हा के मार्गदर्शन और शिहान रंजीत मेहता के नेतृत्व में संपन्न हुआ। विभिन्न वर्गों में कराटेकारों को येलो से लेकर ब्राउन बेल्ट तक प्रदान किए गए।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर अख़बारों ने उत्पाद सिपाही परीक्षा के पेपर लीक मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है उत्पाद सिपाही परीक्षा में सेंध की कोशिश, पेपर लीक गैंग के पांच सदस्य सहित 164 गिरफ्तार।

प्रभात खबर लिखता है– हर अभ्यर्थी से पन्द्रह लाख में हुआ सौदा, जेएसएससी का पेपर लीक से इंकार।

दैनिक जागरण ने ट्रेजरी घोटाले की सीआईडी जांच की खबर को पहले पन्ने पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने गायिका आशा भोंसले के निधन की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।